IJARSCT

ISSN (Online) 2581-9429

International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology (IJARSCT)

IJARSCT
Impact Factor: 4.819

Volume 10, Issue 1, October 2019

e/;dky e fgUn&efLye ,drk dk Lo:Ik

M,- mn;Hkku ;kno

vflLVsaV izksQslj] fgUnh

राजकीय महिला महाविद्यालय, अम्बारी, आजमगढ़

भारत वर्ष की विशेषता रही है, कि जितने भी आक्रमणकारी इस देश में आये, उन्हें वह अपने समाज में खपाने की कोई न कोई राह निकाल लेता था। मुसलमानों के पूर्व जितने भी विदेशी आक्रमणकारियों ने भारतवर्ष पर आक्रमण किया, उन सबको हिन्दू धर्म ने आत्मसात कर लिया। भारतवर्ष पर मुसलमानों की विजय एक राजनीतिक विजय थी। काफी प्रयास के बावजूद मुसलमान यहाँ की सामाजिक व्यवस्था पर अधिकार प्राप्त करने में असफल रहे। परन्तु इस समाज में एक ऐसा वर्ग था, जो अपनी रचनाओं और उपदेशों के माध्यम से हिन्दुओं और मुलसमानों के बीच की खाई को पाटने का प्रयास कर रहा था। इन लोगों ने दोनों सम्प्रदायों के बीच की दूरी को समाप्त करने का अथक प्रयास किया। इन लोगों में अमीर खुसरो का नाम सबसे महत्वपूर्ण है।